ऑपरेशन सद्भावना के तहत टेंट आधारित होमस्टे

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **उत्तराखंड के पिथौरागढ़** में **ऑपरेशन सद्भावना** के तहत एक टेंट-आधारित होमस्टे का उद्घाटन किया गया, जिसका उद्देश्य **पर्यटन को बढ़ावा** देना और स्थानीय सामुदायिक संबंधों को मज़बूत करना है ।

मुख्य बिंदु

- **ऑपरेशन सद्भावना :**
- **भारतीय सेना** की यह पहल नागरिक-सैन्य संबंधों में सुधार, सद्भावना को बढ़ावा देने और सीमावर्ती क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने पर केंद्रित थी।
- **होमस्टे अवधारणा :**
- टेंट आधारित आवास पर्यटकों को एक अनूठा अनुभव प्रदान करते हैं, तथा रणनीतिक सीमावर्ती ज़िले पिथौरागढ़ में इको-पर्यटन को बढ़ावा देते हैं।
- पर्यटन से संबंधित रोज़गार में समुदाय के सदस्यों को शामिल करके स्थानीय आर्थिक विकास को प्रोत्साहित करना।
- **महत्त्व :**
- सेना और सीमावर्ती समुदायों के बीच सांस्कृतिक और आर्थिक जुड़ाव को मज़बूत करता है, सुरक्षा और आपसी विश्वास को बेहतर करता है।

ऑपरेशन सद्भावना

- यह जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में आतंकवाद से प्रभावित लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिये भारतीय सेना की एक पहल है।
- यह ऑपरेशन आतंकवाद रोधी रणनीति का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य आतंकवाद को खत्म करना और 'आवाम' को राष्ट्रीय मुख्यधारा में पुनः शामिल करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/tent-based-homestay-under-operation-sadbhavna